संक्षिप्त

गायों को हरा चारा खिलाया

दौसा। राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अन्तर्गत सोमवार को जिले की सभी अनुदानित एवं पात्र गौ शालाओं में गौ सेवा (गौ पूजन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौ पूजन का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में गौ सदन नन्दीशाला में विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया। संयुक्त निदेशक डॉ. प्रहलाद सिंह मीना ने बताया कि इस अवसर पर गौमाता को हरा चारा, गुड़, रोटी एवं बाजरे की खिचड़ी आहार में दी गई। पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीमार पशुओं का उपचार भी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा, उपनिदेशक डॉ. राधेश्याम मीना, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश चन्द्र बैरवा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिव कुमार, शिव शर्मा, विपिन जैन, भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

16 स्थानों पर लोगों ने रक्तदान किया

भरतपुर (निस)। राज्य सरकार के दो वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को जिला प्रशासन भरतपुर एवं डीग द्वारा कुल 16 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुये रक्तदान किया। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने यूआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदान करने वालों की हौसला अफजाई के साथ ही अन्य लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे आप किसी जरूरतमंद की सहायता कर उनकी जान बचा सकते है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ युवा को तीन से चार महीनों में रक्तदान करते रहना चाहिए, इससे किसी जरूरतमंद को तो सहायता मिलती है साथ ही रक्तदान करने वाला भी स्वस्थ रहता है व विभिन्न बीमारियां दूर रहती हैं। युवाओं को भ्रान्तियों से दूर रहते हुये समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है जिससे अनेक गम्भीर रोगियों का जीवन बचाया जा सकता है। ऐसे शिविर समाज में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ करते हैं। उन्होंने स्वेच्छिक रक्तदाताओं, आयोजक संस्थाओं एवं आरबीएम ब्लड बैंक टीम के प्रयासों की सराहना की। पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(महिला अपराध अनुसंधान सेल) शंकर लाल मीना, तहसीलदार बीडीए मनीष मीना सहित चिकित्सा अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

बांझपन जागरूकता पर कार्यशाला

दौसा। श्री कृष्ण हॉस्पिटल में सोमवार को बांझपन पर सामान्य जागरूकता विषय पर एक लघु कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में बांझपन के कारण, जोखिम कारक, समय पर पहचान तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में मंगलम हॉस्पिटल, जयपुर स्त्री एवं निःसंतानता रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजू माथुर ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। सत्र पूर्णतः इंटरएक्टिव रहा, जिसमें उपस्थित महिलाओं के प्रश्नों का सरल व वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यों से जुड़ी महिलाएं, नर्सिंग स्टाफ एवं एएनएम नर्सों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला में डॉ. उमेश दत्त शर्मा, डॉ. ऋतु शर्मा, डॉ. अमित माथुर (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट) मंगलम हॉस्पिटल, जयपुर, डॉ. गौरव जगरवाल, डॉ. आशीष पायल एवं डॉक्टर नेहा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नटराज शर्मा एवं डॉ रितिका जैन ने किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सार्वभौमिक मानव अधिकार की गारंटी देता है हमारा संविधान : प्रो.रमेश बैरवा

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति के तहत आज व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। समाजशास्त्र के प्राध्यापक मानसिंह मीणा ने खेती-बाड़ी छात्राओं के लिए रोजगार का उपयोगी साधन है एवं डॉ.भूरसिंह गुर्जर ने ग्रामीण महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

- कृषि भी छात्राओं के लिए रोजगार का उपयोगी साधन है
- डॉ.भूरसिंह गुर्जर ने ग्रामीण महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने मानव अधिकार की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि रोटी,कपड़ा एवं मकान के साथ सभी के लिए गरिमापूर्ण जीवन के सार्वभौमिक मानव अधिकार की हमारे देश का संविधान गारंटी देता है। छात्राओं को 18 दिसंबर से होने जा रहे मिड टर्म टेस्ट के कार्यक्रम की जानकारी दी। संचालन डॉ.संपूर्णानंद गौतम एवं छायांकन छात्रा पूजा गुर्जर ने किया

वजीरपुर कन्या महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति के तहत व्याख्यान माला हुई ।

कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ.गिरिराज प्रसाद जोनवाल, महेंद्र कुमार धोबी तथा रश्मि मीना,खुशबू मीणा,सोमवती कुमारी,पायल जाटव, चेल्सी मित्तल, काजल,अलका जांगिड़, किरण मीणा, संतोषी बैरवा, ज्योति सोनी, ममता गुर्जर, पुष्पा बैरवा, शिप्रा बंसीवाल, शालू कुमार ढोलीवाल, तनु बैरवा, कोमल मीणा, वर्षा बंसल, काजल योगी, शिवानी चतुर्वेदी, मनीषा जाटव, मुस्कान मीना, सोनम जाटव, निशा कुमारी मीणा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल रही।

अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने का आव्हान

दौसा। श्री संत सुंदर दास राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय दौसा में आज राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ललिता वर्मा द्वारा की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं को निर्भया एक्ट से संबंधित जानकारी से अवगत करवाया एवं सदैव अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया। निर्भया एक्ट को आधिकारिक तौर पर आपराधिक कानून के नाम से जाना जाता है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य यौन हिंसा और अपराधों (जैसे बलात्कार, एसिड अटैक, पीछा करना, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से यौन उत्पीड़न) से निपटने के लिए कानूनों को मजबूत करना। छात्रों को बताया कि अपराध करने वाले से ज्यादा अपराध सहने वाला भी अपराधी होता है। महाविद्यालय के संकाय सदस्य भूतपूर्व सैनिक भवानी सिंह शेखावत द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का आयोजन महिला नीति सदस्य नीरज मीना, ललिता बैरवा, अंजू मीणा द्वारा किया गया।

दिव्यागों को उपकरण बांटे

भरतपुर। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, भरतपुर द्वारा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समिति प्रांगण में दिव्यांग सहायता शिविर का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चिह्नित एवं पंजीकृत 50 से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, वैशाखी, छड़ी इत्यादि उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुतोष गुप्ता, स्चिव-जिला विधिक प्राधिकरण भरतपुर एवं जिला सेशन न्यायाधीश भरतपुर व विशिष्ट अतिथि श्यामसुन्दर संयुक्त निदेशक समाज कल्याण विभाग भरतपुर एवं विवेक गोयल प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपिका मेहता ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर विवेक गोयल ने डॉ. एम.एम. बापना को याद करते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रसंशा की और कहा कि डा. बापना के किये गये अथक प्रयासों से ही समिति इस मुकाम तक पहुंची है। श्यामसुंदर द्वारा भविष्य में समिति की सेवाओं को अठासर बनाये रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। मुख्य अतिथि द्वारा जनजाति, अनूसुचित जाति, गरीब तबके के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्याओं को जिला विधिक प्राधिकरण के तहत हल करने का सुझाव दिया। इसके अलावा कृष्ण कुमार अग्रवाल ने समिति में कार्यरत टैक्निशीयनों उमेशचंद शर्मा, पंकज शर्मा द्वारा कृत्रिम अंग तैयार कर दिव्यांगों की जीवन शैली को सहज बनाने के कार्य की प्रशंषा की। दीपिका मेहता द्वारा सभी गणमान्य लोगों, अतिथियों एवं दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में समिति के 14 नये आजीवन सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति सचिव डॉक्टर यू.एस. जूरैल द्वारा समिति की स्थापना वर्ष 1981 से लेकर आज तक का परिचय देते हुए बताया गया कि संस्था द्वारा अब तक पांच लाख से ज्यादा दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायता प्रदान की गई है। जिसमें कृत्रिम पैर, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र, वैशाखियां, बुजुर्गों की छड़ी, आर्थिक सहायता, पोलियो ऑपरेशन, कृत्रिम हाथ आदि समिति द्वारा लगाए गए। डॉ. जूरैल द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने समिति की वर्कशाप का अवलोकन किया तथा बारीकी से कृत्रिम पैर कृत्रिम हाथ व कैलीपर बनाने की कार्यप्रणाली को समझा तथा प्रशंसा की। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रशेर लवानिया, डॉ. रष्मि गुप्ता आदि के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवंटित एवं उसके बाद श्रीमती नीलम भाटिया पत्नि स्व. श्री सुभाष भाटिया ही मकान नं. 3 ब 25 जवाहर नगर जयपुर की एक मात्र मालिक व स्वामी है। इसमे पूरणमल शर्मा किरायेदार है। यह मकान बिकाऊ नहीं है। कोई भी व्यक्ति या संस्था फर्जी दस्तावेज के आधार पर मकान नहीं खरीदे। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।

जयपुर (मकबूल हुसैन) एडवोकेट
दिनांक मो.नं. 9828071475

युवा महोत्सव मनाया

दौसा। स्थानीय आनंद शर्मा राबाउमावि दौसा में युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जावेगा।जिला संयोजक एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अंजुल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 15 से 29 आयुवर्ग के विभिन्न प्रतियोगियों का आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया है। जिले में 1 हजार 222 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने आज सभी निर्णायकों और व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की तैयारी बैठक आयोजित की तथा राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार कार्य संपादित करने के लिए निर्देश दिए। प्रतियोगिताएं आनंद शर्मा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में सुबह 9 से प्रारंभ होगी। संयोजक ने बताया कि प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन सुबह 9 से 10 बजे तक किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो जाएंगी प्रतियोगिता के निर्णायक निर्धारित बिंदुओं पर उनका मूल्यांकन करेंगे।

'स्काउट्स शिविरों में अल्प संसाधनों के साथ बेहतर जीवन जीने की कला सिखाई जाती है'

दौसा। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में स्थानीय चाणक्य छात्रावास में आयोजित राज्य स्तरीय कब बुलबुल आवासीय शिविर का सोमवार को समापन हुआ।

- दीन दयाल बैरवा कब बुलबुल आवासीय शिविर का भव्यता के साथ समापन

विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि कब बुलबुल शिविर में नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं को देखकर मुझे भी मेरा बचपन याद आ गया। बचपन में डाले गए संस्कार जीवन पर्यंत रहते है और इस उम्र के कब बुलबुल में राष्ट्रप्रेम और भक्ति, समाज सेवा के साथ कई गुणों का विकास होता है। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय के लिए एक बड़ा हाल एवं स्नानागार शौचालय निर्माण के बजट की घोषणा की। उन्होने कब बुलबुल, रोवर्स रेंजर्स, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित राज्य भर से आए स्काउट पदाधिकारियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत बताया कि इस शिविर को ज्वाइन करना मुझे बालपन में ले आया। बच्चों के बीच रहना उनके साथ वार्तालाप करना मुझे बेहद पसंद है। श्रेष्ठ नागरिक बनने की नींव बचपन में ही संभव है उन्होंने बताया कि स्काउट आंदोलन बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करता है। विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी भारद्वाज ने कहा कि कब-बुलबुल स्तर की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखती हैं। विशिष्ट अतिथि मुख्य लेखा अधिकारी भावना समतानी ने खेल व रचनात्मक गतिविधियों को बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया। साथ ही राज्य स्काउट्स मुख्यालय उदयपुर की अनुदान राशि की तृतीय किस्त शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष कैलाश भारद्वाज ने कहा कि स्काउट आंदोलन बच्चों को सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान व कर्तव्यनिष्ठ बनाना है। जिलाध्यक्ष कैलाश भारद्वाज ने इस कार्यक्रम के लिए 21 हजार रुपए सहयोग के लिए नगद प्रदान किए। शिविर आयोजक एवं प्रभारी राज्य संगठन आयुक्त आर.डी. गिल ने आवासीय शिविर संबंधी पांचों दिवस के कार्यक्रम एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। तथा इस शिविर के लिए परिसर उपलब्ध कराने के लिए वैद्य लक्ष्मीकांत सिंगवाड़ा का विशेष आभार जताया। प्रतिनियुक्त अध्यापक साथियों एवं रोवर्स रेंजर्स को भी शिविर के सफल संचालन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद प्रदान किया। आरडी गिल सिंह ने हिन्दुस्तान स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्य हेतु नांगल राजावतान निवासी हिमांशु लक्षकार (रोवर कैप्टन) को सम्मानित किया व जिलाध्यक्ष कैलाश भारद्वाज ने गोड़ सनाढय का स्काफ़ पहनाकर भव्य स्वागत कर आभार जताया। एएसओसी जयपुर मनोज त्रिवेदी, एएसओसी अजमेर विशाल सैन, सुश्री मीनू रानी गंगानगर, सुश्री परमेश्वरी देवी सीकर, गौरव कुमार शर्मा डीग, सोनू शर्मा डीओ कमिश्नर नयना मीना डीओ गाइड कमिश्नर दौसा का भी धन्यवाद प्रदान किया। समारोह में पांचों दिवस की विभिन्न खेलकूद गतिविधियों एवं क्रिया कलापों के प्रथम एवं द्वितीय विजेता संभागियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी दी गई। सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाली झालावाड़ टीम को चैंपियन ट्रॉफी दी गई।

खोया पाया

मेरे मकान नं. 71/151 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के हैंडलिंग एंड टेकन ओवर डिक्लेरेशन सर्टिफिकेट कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें। प्रभाकर तिवाडी मोबाइल नं. 9783044613

मेरे भूखण्ड संख्या ए-1112, जेडीए की योजना सूर्य नगर ब्लॉक-ए, का जेडीए से जारी मूल आवंटन पत्र और कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें बाबूलाल मीना मो. 8619953676

नाम परिवर्तन

मैं JC-453488W सुबेदार धारा सिंह गाँव - टुडावली पो. पाडला त.- टोडाभीम जिला करौली (राज.) सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम-आर्मी रिकॉर्ड में धनवी देवी दर्ज है। मेरी माताजी के आधार-कार्ड में धनबी देवी दर्ज है आर्मी रिकार्ड मे धनबी देवी दर्ज किया जायें और भविष्य मे इस नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं JC-453488W सुबेदार धारासिंह गाँव टुडावली पोस्ट -पाडला त. टोडाभीम जिला करौली (राज.) सशपथ घोषणा करता हूँकि मेरी धर्मपत्नी का नाम आर्मी रिकार्ड व्रज लता दर्ज है। मेरी धर्मपत्नी के आधार कार्ड में बृजलता देवी दर्ज है। आर्मी रिकार्ड मे बृजलता देवी दर्ज किया जायें और भविष्य में इस नाम से जाना जायें।

नाम परिवर्तन

मैंने अपनी पुत्री का नाम अनाया मनोज पुत्री मनोज कुमार मौर्य से बदलकर अनाया विश्वा पुत्री मनोज कुमार कर लिया है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जाए- मनोज कुमार 114, श्री पुरम कॉलोनी, गुर्जर की थडी, जयपुर, राजस्थान

मैं आर्मी न. 16030426Y राईफलमेन दीपेन्द्र सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सावईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरे पिताजी का नाम बहादुर सिंह (BHADUR SINGH) और जन्मदिनाँक 01-02-1972 है जो की गलत है! मेरे पिताजी का सही नाम बहादुर सिंह भाटी (BAHADUR SINGH BHATI) और जन्मदिनाँक 01-01-1972 है।

मैं आर्मी न. 16030426Y राईफलमेन दीपेन्द्र सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरी माताजी का नाम लगन कुँवर (LAGAN KUNWAR) और जन्मदिनाँक 01-01-1977 है। जो की गलत है। मेरी माताजी का सही नाम लगानकुँवर भाटी (LAGANKUNWAR BHATI) और जन्मदिनाँक 01-01-1975 है।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-9062 दिनांक-15.12.2025

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या 100/129 (HIG), (एरिया 1200.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मोहन लाल अग्रवाल पुत्र श्री प्रकाश चन्द अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 7978 दिनांक 24.08.2023 को जारी किया गया। श्री मोहन लाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 20.03.2021 को हो जाने के कारण अप्रपीकृत वसीयतनामा के आधार पर श्री नरोत्तम सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। श्री नरोत्तम सिंह राजावत के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 1747 दिनांक 11.10.2023 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री नरोत्तम सिंह राजावत के पक्ष में उक्त आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 23.11.2023 को उप पंजीयक-अष्टम मानसरोवर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री नरोत्तम सिंह राजावत द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड को दिनांक 04.04.2024 के द्वारा 1. श्री अमित कुमार यादव पुत्र श्री बिरदी चन्द यादव एवं 2. श्री रमेश चन्द गुर्जर पुत्र श्री हनुमान सहाय गुर्जर को विक्रय कर उप पंजीयक अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री रमेश चन्द गुर्जर पुत्र श्री हनुमान सहाय गुर्जर द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड दिनांक 16.04.2025 के द्वारा श्री महेश कुमार यादव पुत्र श्री भंवर लाल का 1/2 हिस्सा विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती 1. श्री अमित कुमार यादव पुत्र श्री बिरदी चन्द यादव एवं 2. श्री महेश कुमार यादव पुत्र श्री भंवर लाल द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्री अमित कुमार यादव पुत्र श्री बिरदी चन्द यादव एवं 2. श्री महेश कुमार यादव पुत्र श्री भंवर लाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

विवाधर्को के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय... उपखण्ड अधिकारी... स्थान... कि.रेनवाल...
महेन्द्र सिंह विरूद्ध भवानीसिंह वगै
वाद बाबत विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 07/2023
तारीख पेशी 19.12.2025

नाम पूरणसिंह पुत्र सुल्तानसिंह जाति राजपूत निवासी सहलेदीपुरा तहसील कि0 रेनवाल जिला जयपुर राज0 विरूद्ध वाद तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 19.12.25 को दिन में 10 बज़े दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचनं दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो ओर जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें ओर उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। ओर यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मै उपंसजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा।

गया है। यह वाद ता. 14/11/25 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ रेलवाल
जिला जयपुर
मोहर अदालत

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय ADJ-1 साहब स्थान सांभरलेक
छीतर सिंह विरूद्ध दिनेश कुमार चौधरी
अपील 43R/CPC
अपील नं. .../25

ADJM जोबनेर के न्यायालय की तारीख 15.10.25 वाद की अपील
नाम हर आम खास स्थान जोबनेर जिला जयपुर

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में वादी की डिक्री की अपील वादी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्ट्रर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 7 माह 01 सन् 26 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।

यह आज तारीख 08 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय में मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
मोहर सांभर लेक जिला जयपुर

जिला कांग्रेस कमेठी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिल्ली रैली में पहुंचे

टोंक। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिल्ली में वोट चोरी तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के हनन के विरोध में आयोजित महारैली मे जिले कांग्रेसजनों के साथ सहभागिता की।

जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भीषण ठंड एवं कोहरे के होते हुए भी अपने-अपने स्थानों से रामलीला मैदान पहुँचें। जो लोकतंत्र की रक्षा के प्रति उनकी अटूट आस्था का सशक्त प्रमाण है।

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भीषण ठंड एवं कोहरे के होते हुए भी अपने-अपने स्थानों से रामलीला मैदान पहुँचें।

कांग्रेस की दिल्ली महारैली मे जिले कांग्रेसजनों ने सहभागिता निभाई।

इस अबसर पर जिलाध्यक्ष सऊद सईदी, निवर्तमान अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, सरपंच संघ उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, के.सी. मीणा, फोजू राम मीणा, बजरंग लाल वर्मा, मनिंदर बैरवा, गोगाराम, जयनारायण मीणा, एम इस्लाम, महादेव मीणा सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी ने भाग लिया।

शैक्षिक सम्मेलन 19 को

दौसा। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 दिसंबर को अलवर में आयोजित किया जावेगा। इधर सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। वही दूसरी ओर सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा होंगे। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 दिसंबर से अलवर मुख्यालय स्थित श्री पल्लीवाल जैन महासभा भवन, हसन खान मेवाती नगर में आयोजित किया जावेगा। सम्मेलन केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव (वन पर्यावरण विभाग) के मुख्य आतिथ्य एवं कैबिनेट मंत्री संजय शर्मा वन व पर्यावरण विभाग राजस्थान सरकार की अध्यक्षता एवं बलवीर छील्लर जिला प्रमुख अलवर, डॉ. जसवंत यादव विधायक बहरोड, सुखवंत सिंह विधायक रामगढ़, करण सिंह यादव पूर्व सांसद अलवर, बन्नाराम मीणा व शिक्षा अधिकारियों व प्रदेश भर के विशाल शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

3 हजार की नकदी व सामान उड़ाया

भरतपुर (निस)। भरतपुर में पुलिस सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़े करते हुए एसपी कार्यालय से महज 10 कदम की दूरी पर चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोरों ने तिवारी जी टी स्टॉल को निशाना बनाते हुए नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस चोरी की वारदात ने पुलिस गश्त की पोल खोल कर रख दी है। एसपी कार्यालय के निकट हुई चोरी लगता है कि चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। अभी कोहरा की शुरुआत है। इस जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी एएसपी सीओ सिटी ठामीण पुलिस लाइन सहित पुलिस के अन्य कार्यालय भी चलते हैं। एसपी निवास भी इसी में है। फिर भी चोरों में भय नहीं है। पीड़ित दुकानदार बनवारी तिवाड़ी निवासी राधाकुंड, गोवर्धन ने बताया कि वह एसपी ऑफिस के जस्ट सामने पिछले तीन वर्षों से चाय की दुकान तिवारी जी टी स्टॉल का संचालन कर रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर एक गैस सिलेंडर, करीब तीन हजार रुपये नकद, सिगरेट, गोल्ड मोहर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 9591 मरीज लाभान्वित

कोटपूतली। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सोमवार को ब्लॉक कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर के नेतृत्व में 46 जगह पर किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर केक काटकर राजकीय सरदार जनाना अस्पताल से शिविर का शुभारम्भ किया गया। एसएमओ डॉ. दिलीप पंवार ने कैम्प की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 9591 मरीजों को लाभान्वित किया गया।

- बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने निरीक्षण किया

4346 मरीजों की हाईपरटेंशन स्क्रीनिंग, 4746 मरीजों की डायबिटिज जांच की गई, ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनग 4964, टीबी. स्क्रीनिंग 4346 मरीजों की गई। साथ ही स्वास्थ्य से संबंधित सभी विभागीय योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसके अन्तर्गत ओपीडी सेवायें, मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, किशोरियों की स्वास्थ्य सेवा एवं स्वच्छता, कैंसर स्क्रीनिंग, एनीमिया की जांच सुविधा, आयुष्मान कार्ड वितरण, यूडीआईडी कार्ड, पीएमजेएवाई कार्ड का वितरण, हाईपरटेंषन, डायबिटीज, टीबी स्क्रीनिंग की गई। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने राजकीय स